Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◘ अंक- 83 ◘ रायपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया ● रायपुर ● जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

संसद में महा-बहस के बीच आधी रात को लागू हुआ महिला आरक्षण कानून 2023

सरकार ने जारी किया नोटिफिकेशन

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (न्यूज चैनल)। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करने वाला महिला आरक्षण अधिनियम, 2023 बृहस्पतिवार को लागू कर दिया गया ताकि संसद में चर्चा किए जा रहे प्रस्तावित संशोधन को क्रियान्वित किया जा सके। एक अधिकारी ने बताया कि इस कानून को लागू करना आवश्यक था, क्योंकि इसके बिना प्रस्तावित संशोधन प्रभावी नहीं हो सकता था। संविधान संशोधन विधेयक कानून तो बन गया था, लेकिन सरकार द्वारा इसे लागू नहीं किए जाने के कारण यह संविधान का हिस्सा नहीं बन पाया था। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि कोई कानून लागू ही नहीं है तो उसके प्रस्तावित संशोधन को कैसे लागू किया जा सकता है।

इसी कारण इसे 16 अप्रैल से प्रभावी किया गया। वर्ष 2023 के इस अधिनियम को संसद में इसी कानून में संशोधन पर चल रही बहस के बीच 16 अप्रैल से अधिसूचित किया गया। एक अन्य अधिकारी ने वीरवार रात तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए इसे लागू करने की बात कही थी।

हालांकि, उन्होंने विस्तार से कुछ नहीं बताया था। अधिकारी ने यह भी कहा था कि अधिनियम लागू होने के बावजूद वर्तमान लोकसभा में आरक्षण लागू नहीं किया जा सकता। अधिकारी के अनुसार, महिलाओं के लिए आरक्षण अगली जनगणना के आधार पर परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही लागू किया जा सकेगा। अधिसूचना में कहा गया है- संविधान (106 संशोधन) अधिनियम, 2023 की धारा 1 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार 16 अप्रैल, 2026 को वह तिथि नियुक्त करती है, जिस दिन से उक्त अधिनियम के प्रावधान प्रभावी होंगे।

सितंबर 2023 में संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था, जिसे आमतौर पर महिला आरक्षण अधिनियम के नाम से जाना जाता है, जो विधायी निकायों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अधिनियम में

हरिवंश तीसरी बार उपसभापति बने: पीएम मोदी ने दी बधाई, नेता प्रतिपक्ष खरगे ने लोकसभा के खाली पद की याद भी दिलाई

राज्यसभा में शुक्रवार को एक ऐतिहासिक घटना दर्ज हुई। पहली बार किसी मनोनीत सांसद को उपसभापति पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह जिम्मेदारी हरिवंश नारायण सिंह को मिली है, जिन्हें हाल ही में द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरिवंश को राज्यसभा के उपसभापति के रूप में तीसरी बार चुने जाने पर बधाई दी।

बधाई संदेश में जेपी से लेकर चंद्रशेखर तक का जिक्र पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में आपातकाल जैसे निर्णयों का मुखर विरोध करने वाले बिहार के जननेता के तौर पर लोकप्रिय रहे जयप्रकाश नारायण (जेपी) का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, हरिवंश जी का जन्म जेपी के गांव में हुआ है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर का भी जिक्र किया। बतौर लेखकर हरिवंश के जीवन का उल्लेख करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज उनकी जयंती के दिन तीसरे कार्यकाल के निर्विरोध चुना जाना इस अवसर को खास बनाता है। पीएम ने कहा कि पूरे सदन को आप पर गहरा विश्वास है, हरिवंश जी की कार्यशैली का सभी सम्मान करते हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि हरिवंश जी के लेखों में धार है और उनका काम सराहनीय है। हरिवंश जी सभी की बातें सुनते हैं और उनका यह नया कार्यकाल सफलता और संतुलन से आगे बढ़ेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हरिवंश को बधाई देते हुए कहा कि हमें इस बात से तकलीफ है संवैधानिक अनुच्छेद 93 में निहित संवैधानिक भावना के विपरित लोकसभा में 2019 से उपाध्यक्ष का पद खाली है।

एनएच-30 पर भीषण हादसा

ट्रक और माजदा की टक्कर में 2 मजदूरों की मौत, कई घायल

कोंडागांव, 17 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया है, यहां फरसगांव के पास एनएच-30 स्थित चिचाड़ी पुल के पास एक तेज रफ्तार ट्रक और माजदा वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गई, हादसे में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 3 घायल बताए जा रहें है। जानकारी के अनुसार, हादसे के वक्त माजदा में सवार 5 से ज्यादा मजदूर बुरी तरह फंस गए। इनमें से 2 मजदूरों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 3 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। मौके पर पहुंची फरसगांव पुलिस और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहन में फंसे मजदूरों और शवों को बाहर निकाला। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की शिनाख्त की जा रही है।

ब्रेकिंग न्यूज

ब्लूमबर्ग की सूची में बड़ा बदलाव, मुकेश अंबानी से आगे निकल एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने अदाणी

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (न्यूज चैनल)। एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति के ताज को लेकर एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिला है।

दिग्गज कारोबारी गौतम अदाणी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ते हुए एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति का खिताब फिर से अपने नाम कर लिया है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के ताजा आंकड़ों के अनुसार, अदाणी की संपत्ति में हुए हालिया इजाफे ने उन्हें इस सूची में शीर्ष पर पहुंचा दिया है। **गौतम अदाणी:** इनकी कुल संपत्ति बढ़कर 92.6 अरब डॉलर हो गई है। इसके साथ ही वह वैश्विक स्तर पर दुनिया के 19वें सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। **मुकेश अंबानी:** लंबे समय तक शीर्ष पर रहने वाले अंबानी अब 90.8 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ एशिया में दूसरे और दुनिया में 20वें स्थान पर आ गए हैं।

बिरादरी की बात

चूहा- ईरान कह रहा पहली मिसाइल से ही अमेरिका का जहाज डूबो देंगे। चुहिया- हां जी, फिर युद्ध को चालीस दिन क्यों लग गए..!

आईपीएस विकास कुमार को केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी, एनआईए में बनाए गए एसपी, गृह मंत्रालय ने जारी किया आदेश

रायपुर, 17 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में डीसीपी (ट्रैफिक-प्रोटोकॉल) के रूप में तैनात आईपीएस विकास कुमार (2020 बैच) अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी में अपनी नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने उन्हें डेपुटेशन (प्रतिनियुक्ति) पर पुलिस अधीक्षक के पद पर नियुक्त किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन को आधिकारिक पत्र भेजकर उन्हें कार्यमुक्त करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी देश की वह सर्वोच्च संस्था है जो आतंकवाद, देश विरोधी गतिविधियों और टेरर फंडिंग जैसे संवेदनशील मामलों की जांच करती है। छत्तीसगढ़ कैडर के एक युवा अधिकारी का इतनी कम उम्र में एनआईए में चयन उनकी

काबिलियत और कार्यक्षमता पर मुहर लगाता है। अब विकास कुमार राष्ट्रीय स्तर के जटिल मामलों और अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन वाले आतंकी मॉड्यूल की जांच का हिस्सा होंगे। विकास कुमार का एनआईए में चयन राज्य पुलिस बल के लिए भी उत्साहजनक है। यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ कैडर के अधिकारी राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर भी अपनी दक्षता साबित कर रहे हैं। 2008 के मुंबई हमलों के बाद गठित एनआईए में शामिल होना किसी भी पुलिस अधिकारी के करियर का एक बड़ा मील का पत्थर माना जाता है। राज्य सरकार से अनुमति और औपचारिक रिलीविंग के बाद विकास कुमार दिल्ली स्थित एनआईए मुख्यालय में अपनी आमद देंगे। इसके बाद उन्हें एजेंसी की किसी क्षेत्रीय इकाई या मुख्य शाखा में एसपी के रूप में तैनात किया जाएगा।

अभिषेक मनु सिंघवी की दलील भी काम न आई, पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली अग्रिम जमानत

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (न्यूज चैनल)। कांग्रेस सांसद पवन खेड़ा को एक झटका लगा, जब सुप्रीम कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा द्वारा दायर एक मामले में उनकी ट्रांजिट बेल की अवधि बढ़ाने से इनकार कर दिया और उन्हें इस मामले पर फैसला लेने के लिए असम की अदालत में जाने को कहा। यह घटनाक्रम सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी उस अग्रिम जमानत पर रोक लगाने के दो दिन बाद सामने आया है, जो उन्हें तेलंगाना हाई कोर्ट ने दी थी। यह आदेश दो जजों की बेंच ने दिया, जिसमें जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस. चंदुरकर शामिल थे। हालांकि, कोर्ट ने यह साफ किया कि उसका 15 अप्रैल का आदेश उस अधिकार-क्षेत्र वाले कोर्ट पर कोई बुरा असर नहीं डालेगा, जो कांग्रेस नेता की अर्जी पर फैसला करेगा।

बेंच ने कहा कि अर्जी पर फैसला करने वाला कोर्ट ट्रांजिट बेल देने या किसी और तरह के किसी भी आदेश से गलत तरीके से प्रभावित नहीं होगा। इसका मतलब है कि जब सक्षम कोर्ट के सामने अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की जाएगी, तो वह कोर्ट उस अर्जी पर अपने हिसाब से फैसला करेगा, न कि किसी पिछले आदेश से प्रभावित होकर। कोर्ट ने आगे कहा, ऊपर कही गई बातों को देखते हुए, प्रतिवादी को उचित कोर्ट में जाने की पूरी आजादी है। अगर कोर्ट काम नहीं कर रहा है, तो कोर्ट की रजिस्ट्री से गुजारिश की जा सकती है, और रजिस्ट्री कानून के हिसाब से काम करेगी। ऊपर कही गई बातों के साथ, यह अर्जी अब खत्म मानी जाएगी।

लापता हेलीकॉप्टर का मिला मलबा, सभी 8 लोगों की मौत

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (न्यूज चैनल)। इंडोनेशिया के पश्चिम कालीमंतन प्रांत से एक बेहद दुखद खबर आई है। पिछले कुछ समय से लापता एक निजी हेलीकॉप्टर का मलबा वीरवार यानि कि बीते दिन सुदूर और घने वन क्षेत्र में बरामद कर लिया गया है। इस दुर्घटना में सवार सभी 8 लोगों की मौत हो गई है। दुर्गम इलाका होने के कारण बचाव दल को शवों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं बचाव दल के अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल नूर्रचमन गिंधा द्राधिज्या ने बताया कि फिलहाल चार लोगों के शवों को सफलतापूर्वक निकाल लिया गया है और उन्हें बॉडी बैग में रखा गया है जबकि तीन अन्य अभी भी हेलीकॉप्टर के मलबे के अंदर हैं। शिन्हुआ के अनुसार, अंतिम पीड़ित की तलाश जारी है। इंडोनेशियाई राष्ट्रीय पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार हेलीकॉप्टर की पहचान पीटी मैय्यू एयर एयरवस एच-130 (पीके-सीएफएक्स) के रूप में हुई है। शिन्हुआ ने उड़ान विवरण के हवाले से बताया कि हेलीकॉप्टर में आठ लोग सवार थे। शिन्हुआ के अनुसार अधिकारियों ने बताया कि अंधेरा और दुर्गम भूभाग के कारण बचाव कार्य अस्थायी रूप से रोक दिया गया है और आज फिर से शुरू किया जाएगा।

ट्रेलर की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत, पति और बच्चे घायल, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

रायगढ़, 17 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में शुक्रवार की सुबह कोयला लोड ट्रेलर की चपेट में आकर स्कूटी सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इस घटना में पति और बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर चक्काजाम कर दिया है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच चुकी है। यह घटना भूपदेवपुर थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, रायगढ़ जिले के भूपदेवपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुर के पास कोयला लोड ट्रेलर क्रमांक सीजी- 13-एडी-2483 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए स्कूटी सवार महिला उमा राठिया को अपनी अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मृतका के पति और उसके मासूम बच्चे को भी गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें तत्काल एंबुलेंस के जरिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा कि मृतका महिला उमा राठिया आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है और आज सुबह अपने पति टीकाराम राठिया और बच्चे के साथ स्कूटी से अपने गांव सिंघनपुर लौट रहे थे, इसी बीच यह घटना हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र के आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर चक्काजाम कर दिया है, जिससे मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई है। मामले की जानकारी मिलते ही भूपदेवपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रही है।

जंगल में मिली सड़ी गली लाश

बालोद, 17 अप्रैल (हाईवे चैनल)। बालोद जिले के गंजडीह गांव के जंगल में एक सड़ी गली लाश मिली है। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। लाश देखने से पुरानी मालूम पड़ रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। मामला संजारी चौकी इलाके का है। जानकारी के मुताबिक, स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

अमेरिकी नीति पर ट्रंप के बड़े बयान, ईरान से समझौते के लिए खुद जाएंगे पाक!

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (न्यूज चैनल)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ उनके रिश्ते बहुत अच्छे हैं। 40 दिनों से अधिक की जंग के बाद तनावपूर्ण शांति के बीच आई इस टिप्पणी को उनके यू-टर्न की तरह भी पेश किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने भारत और अमेरिका के संबंधों पर भी टिप्पणी की। ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बताते हुए कहा, मोदी के साथ फोन पर उनकी बातचीत बहुत अच्छी रही। पीएम मोदी ने भी ट्रंप के फोन कॉल की पुष्टि की थी।

गौरतलब है कि दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति और समुद्री सुरक्षा पर चर्चा की। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला और सुरक्षित रखने पर जोर दिया। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भी दोनों नेताओं के बीच की बातचीत को सकारात्मक बताया। वहीं ट्रंप ने यह भी कहा है कि अगर ईरान के साथ समझौता हो जाता है तो वह समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए पाकिस्तान जा सकते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और ईरान से इतर इस्राइल और लेबनान के बीच युद्धविराम पर भी बयान दिया। उन्होंने लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ आउन और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी बात की। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने अपने दूसरे कार्यकाल में 10वां युद्ध रोकने में सफलता हासिल की है।

डोनरो सिद्धांत जुमले का इस्तेमाल ट्रंप की 2026 की विदेश नीति के संदर्भ में किया जाता है। इस धारा के तहत सरकार अमेरिका सबसे पहले और केवल अमेरिका जैसे रुख पर जोर देती है। डोनरो सिद्धांत पूर्व राष्ट्रपति के दौर में इस्तेमाल मोनरो सिद्धांत से प्रेरित है। दरअसल, 1823 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जेम्स मुनरो ने यूरोपीय उपनिवेशीकरण बंद करने का एलान किया था। उन्होंने कहा था कि अमेरिका में किसी भी हस्तक्षेप को अमेरिका के खिलाफ दुश्मनी बढ़ाने जैसे कृत्य के रूप में देखा जाएगा।

बीते करीब 200 साल से अधिक समय से इस नीति को डोनरो सिद्धांत की तरह पेश किया जा रहा है। अब गाहे-ब-गाहे ट्रंप की नीतियों को भी इसी जुमले के आधार पर पेश किया जाता है।

वहीं ट्रंप ने गुरुवार को ईरान के खिलाफ बहुत जल्द जीत का दावा किया। उन्होंने ईरान की सैन्य क्षमताओं में भारी गिरावट का उल्लेख किया। ट्रंप ने ईरान को कठिन, स्मार्ट देश बताया, पर कहा उसकी नौसेना खत्म हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि ईरान के 158 जहाज समुद्र में डूब चुके हैं। ट्रंप ने ईरानी कमांडर घोलमरेजा चेगेनी को निशाना बनाने का भी जिक्र किया। उन्होंने सुलेमानी को सबसे बुरे आतंकवादियों में से एक बताया, उस पर अमेरिकी सैनिकों पर हमलों का आरोप लगाया। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच, ट्रंप ने ईरान के साथ युद्धविराम विस्तार पर अनिश्चितता जताई। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरान के साथ जल्द ही एक समझौता हो सकता है। उन्होंने दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना मुख्य लक्ष्य है। अगले दौर की वार्ता सप्ताहांत में होने की संभावना है।

वेदांता पावर प्लांट हादसे पर भूपेश बघेल के बयान पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा का पलटवार, कहा- ऑनलाइन होती है एफआईआर

रायपुर, 17 अप्रैल (हाईवे चैनल)। वेदांता पावर प्लांट हादसे में चेयरमैन चेयरमैन अनिल अग्रवाल समेत 19 लोगों पर एफआईआर दर्ज किए जाने पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मामला दर्ज हो चुका है. दुर्घटना बहुत बड़ी है. वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पोस्ट पर उन्होंने कहा कि एफआईआर ऑनलाइन होती है, उन्हें लिंक बता दीजिए, तो वो देख लें। बता दें कि वेदांता पावर प्लांट हादसे पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया में किए अपने पोस्ट में सरकार पर एफआईआर को सार्वजनिक नहीं करने का आरोप लगाया है. उन्होंने वेदांता कंपनी के पूर्व हादसों का जिक्र करते हुए तत्कालीन भाजपा सरकार के

लीपा-पोती करते हुए कंपनी के मालिकों और ठेकेदार को बचाने का आरोप लगाया है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि देश की आधी आबादी को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है. जो इसके विपक्ष में है वह भारत की मातृशक्ति को जवाब दें. महिलाएं जब साथ चलेंगी, तब भारत आगे बढ़ेगा। वहीं नक्सलमुक्त क्षेत्रों में जनगणना को लेकर विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर में उत्सव का समय है. महिला मड्डई में नए रंग देखने मिले। बस्तर बदल चुका है, लोग खुलकर हंस पा रहे हैं. बस्तर में विकास के कार्य गांव-गांव तक जाएंगे. वाइब्रेंट बस्तर विलेज योजना बनाकर आगे बढ़ेंगे. पूरा बस्तर नक्सलवाद से मुक्त हो चुका है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इसके साथ बंगाल में अपने प्रचार अभियान को लेकर कहा कि कोलकाता के विभिन्न जिलों में रुकना हुआ। पूरे विश्वास से बंगाल में बीजेपी सरकार बनेगी. जनता मुखर होकर बीजेपी के साथ खड़ी है. टीएमसी के गुंडों ने बहुत अत्याचार किया है, बीजेपी के कमल के निशान से उन्हें मुंहतोड़ जवाब जनता देगी।